# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, 2023

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान के विद्यार्थियों एवं कर्मियों के द्वारा संस्थान परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। साथ ही, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में थी संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्रों ने मार्च पास्ट, योग प्रदर्शन और नृत्य गतिविधियों में हिस्सा लिया। संस्थान के छात्र प्रतिभागियों को पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक श्री बनवारी लाल पुरोहित के द्वारा गवर्नर हाउस में एट होम समारोह के तहत आमंत्रित किया गया था।

## संस्थान परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह :

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान(ग्रिड), सेक्टर 31 के द्वारा मंगलवार को अपने परिसर में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीएमसीएच, सेक्टर 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के निदेशक डॉ जसविंदर कौर ने ध्वजारोहण किया। डॉ कौर ने संस्थान के सभी छात्रों, अभिभावकों एवं कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और संस्थान के द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों का उल्लेख किया। इस अवसर पर संस्थान के विशेष विद्यालय एवं कॉलेज के छात्रों ने संगीत एवं नृत्य पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

दूसरी तरफ, ग्रिड के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने जहां परेड ग्राउंड, सेक्टर 17 में आयोजित परेड में हिस्सा लिया। वहीं ट्राइसिटी के विभिन्न विशेष विद्यालय के बच्चों के साथ मिलकर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। साथ ही, गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ योगा एजुकेशन एंड हेल्थ, सेक्टर 23 एवं पोस्ट ग्रैजुएट गवर्नमेंट कॉलेज, सेक्टर 11 के विद्यार्थियों के साथ मिलकर समावेशी योग का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि के द्वारा संस्थान के विशेष विद्यालय और कॉलेज के छात्रों, स्कूल के टीचिंग स्टाफ, क्लीनिक स्टाफ, कार्यालय के सहायक कर्मचारियों को उनके कार्य में उत्कृष्टता के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रशस्ति पत्र से सम्मानित व्यक्तियों की सूची निम्नवत है –

1. **संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्र :** अनूप जोशी (प्राइमरी डी), आशीष चौहान (सेकेंडरी ए,) वंदना (प्री-वोकेशनल 4), अभय ( पॉटरी अनुभाग), बुलबुल ( कटिंग एंड टेलरिंग अनुभाग)
2. **संस्थान के कॉलेज के छात्र (2021 - 23 सत्र) :** सुश्री राधा, एम. एड,. विशेष शिक्षा - बौद्धिक दिव्यांगता; सुश्री निशू कटारिया, बी.एड. विशेष शिक्षा - बौद्धिक दिव्यांगता; सुश्री कामिया, डी. एड. विशेष शिक्षा - बौद्धिक दिव्यांगता ।
3. **संस्थान के स्टाफ :** सुश्री सायका धवन (कटिंग एंड टेलरिंग इंस्ट्रक्टर), सुश्री मीनू देवी, स्पेशल एजुकेटर (बीएमआर), सुश्री रितिका ठाकुर, स्पेशल एजुकेटर (बीएमआर), सुश्री परिणीता जिंदल (योग थैरेपिस्ट), श्री प्रसून पंकज (ऑक्यूपेशनल थैरेपिस्ट), सुश्री अनीशा, स्पेशल एजुकेटर (डीएमआर),
4. आउटसोर्स कर्मी : सुश्री शीतल नेगी (जूनियर स्पोर्ट्स कोच), श्री अनुभव चौधरी (डाटा एंट्री ऑपरेटर), श्री चमन लाल (लाइब्रेरी रेस्ट्रोअर), सुश्री रेनू बाला (एमटीएस), श्री संजीत पासी (एमटीएस), श्री रामचंद्र (माली), सुश्री हेमा (एमटीएस), सुश्री धर्मवती (सफाई कर्मचारी)।

इस कार्यक्रम में संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. प्रीति अरुण, विशेष विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती वंदना सिंह, क्लीनिक इंचार्ज डॉ रीना जैन, कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. रवि केएम, प्रशासनिक अधिकारी श्री जसपाल शर्मा, डॉ. सीडान, डॉ. एम. करुप्पास्वामी एवं जीएमसीएच 32 और संस्थान के अन्य गणमान्य व्यक्ति और अधिकारी भी उपस्थित रहे ।

 

**ध्वजारोहण करते हुए संस्थान के निदेशक, संयुक्त निदेशक, कार्यकारी प्राचार्या, अन्य अधिकारी गण एवं कर्मी।**

कार्यक्रम में उपस्थित संस्थान के निदेशक डॉ जसविंदर कौर, संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण, सुश्री वंदना सिंह एवं अन्य गणमान्य जन।

 

**सामूहिक नृत्य करते हुए संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्रगण।**

जीएमसीएच 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के डायरेक्टर डॉ जसविंदर कौर से प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते हुए कटिंग एवं टेलरिंग अनुभाग की छात्रा बुलबुल।



# जीएमसीएच के निदेशक ने ग्रिड में किया ध्वजारोहण

**चंडीगढ़।** राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड), सेक्टर 31 ओर से परिसर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि जीएमसीएच, सेक्टर 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के निदेशक डॉ जसविंदर कौर ने ध्वजारोहण किया। डॉ कौर ने संस्थान के सभी छात्रों, अभिभावकों एवं कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी और संस्थान के द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों का उल्लेख किया। पर संस्थान के विशेष विद्यालय एवं कॉलेज के छात्रों ने संगीत एवं नृत्य पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ग्रिड के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने जहां परेड ग्राउंड, सेक्टर 17 में आयोजित परेड में हिस्सा लिया।

ट्राइसिटी के विभिन्न विशेष विद्यालय के बच्चों के साथ मिलकर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। साथ ही, गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ योगा एजुकेशन एंड हेल्थ, सेक्टर 23 एवं पोस्ट ग्रैजुएट गवर्नमेंट कॉलेज, सेक्टर 11 के विद्यार्थियों के साथ मिलकर समावेशी योग का प्रदर्शन किया। अंत में मुख्यातिथि के द्वारा संस्थान के विशेष विद्यालय और कॉलेज के छात्रों, स्कूल के टीचिंग स्टाफ, क्लीनिक स्टाफ, कार्यालय के सहायक कर्मचारियों को उनके कार्य में उत्कृष्टता के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. प्रीति अरुण, विशेष विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती वंदना सिंह, क्लीनिक इंचार्ज डॉ रीना जैन, कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. रवि केएम, प्रशासनिक अधिकारी श्री जसपाल शर्मा, डॉ. सीडान, डॉ. एम. करुप्पास्वामी एवं जीएमसीएच 32 और संस्थान के अन्य गणमान्य व्यक्ति और अधिकारी भी उपस्थित रहे ।

**समाचार कवरेज**

**परेड ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस समारोह :**

संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्रों ने 15 अगस्त 2023 को परेड ग्राउंड, सेक्टर 17 में मार्च पास्ट, नृत्य और योग प्रदर्शन संबंधित गतिविधियों में भाग लिया। चंडीगढ़ प्रशासक श्री बनवारी लाल पुरोहित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे।

**नृत्य प्रदर्शन :**

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान के विशेष विद्यालय के द्वारा विभिन्न विशेष विद्यालयों एवं संस्थानों जिसमें ग्रिड विशेष विद्यालय, साधना स्कूल, सोरम, इंस्टीट्यूट फॉर द ब्लाइंड, पिंगलवाड़ा और स्नेहालय शामिल है, के 125 दिव्यांगजन छात्रों का एक नृत्य प्रदर्शन तैयार किया गया। संस्थान की संगीत शिक्षिका सुश्री आशिमा शर्मा ने सभी बच्चों को प्रशिक्षित किया। वह इस कार्यक्रम की समन्वयक थीं। इस कार्य में संस्थान की विशेष शिक्षिका सुश्री प्रियंका सैनी एवं सुश्री रीना एवं सहायक कर्मचारी श्री अनिल और सुश्री सरोज ने भी सहयोग दिया। वहां उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारियों ने इसकी खूब सराहना की।









योग प्रदर्शन : राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान के विशेष विद्यालय के कुल 10 छात्रों ने गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ योग एंड एजुकेशन, सेक्टर 23 के प्रतिभागियों के साथ मिलकर परेड ग्राउंड, सेक्टर 17 में समावेशी योग प्रदर्शन किया। इस योग प्रदर्शन में व्हीलचेयर वाले और सेरेब्रल पाल्सी छात्र भी शामिल थे। यहां विद्यार्थियों ने खूब आनंद उठाया। संस्थान की ओर से इस योग प्रदर्शन की समन्वयक एवं प्रशिक्षक योग थैरेपिस्ट सुश्री परिणीता जिंदल थीं। संस्थान के स्पेशल एजुकेटर सुश्री मनीष चोपड़ा और सुश्री उषा ने वी योग प्रदर्शन के लिए छात्रों को तैयार किया था।



**संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्रगण गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ योग एजुकेशन एंड हेल्थ के छात्रों के साथ योग प्रदर्शन करते हुए।**



**संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्रगण गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ योग एजुकेशन एंड हेल्थ के छात्रों के साथ योग प्रदर्शन करते हुए।**

**संस्थान की संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण ने चंडीगढ़ प्रशासन के द्वारा विशेष छात्र प्रतिभागियों को उपहार के रूप में भेंट की गई बोतलों को वितरित किया। कार्यवाहक प्राचार्या सुश्री वंदना सिंह और श्री अनिल के साथ प्रतिभागी और कार्य पर मौजूद सुश्री परिणीता जिंदल, सुश्री मनीष चोपड़ा, सुश्री उषा, सुश्री सुरुचि सुश्री शशि, श्री गिरीश, श्री प्रवीण और एचआरडी के के छात्रगण।**





**विशेष विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या सुश्री वंदना सिंह छात्र प्रतिभागियों को बोतल वितरित करते हुए।**

**मार्च पास्ट :**

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान के विशेष विद्यालय के 30 छात्रों ने परेड ग्राउंड सेक्टर 17 में आयोजित मार्च पास्ट में भाग लिया। संस्थान की ओर से जूनियर स्पोर्ट्स कोच सुश्री शीतल नेगी मार्च पास्ट की समन्वयक थीं। स्पेशल एजुकेटर सुश्री अनीशा और सहायक कर्मचारी श्री विकल परेड ग्राउंड में मार्च पास्ट के लिए छात्रों के साथ कार्य पर तैनात कर्मी थे।



**मार्च पास्ट करते हुए संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्रगण।**




**परेड ग्राउंड में मार्च पास्ट के लिए कार्य पर तैनात संस्थान के छात्रगण एवं शिक्षक गण।**

## "एट होम" फंक्शन : 16 अगस्त 2023

परेड ग्राउंड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने वाले संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्र प्रतिभागियों को पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक महामहिम श्री बनवारी लाल पुरोहित के द्वारा "एट होम" समारोह के लिए पंजाब गवर्नर हाउस में आमंत्रित किया गया था। वहां विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और हाई टी का लुत्फ उठाया।



## "एट होम" फंक्शन में संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्रगण।

परेड ग्राउंड, सेक्टर 17 में विशेष छात्रों और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को इस कार्यक्रम में भागीदारी हेतु प्रमाण वितरित किए गए।